Total number of printed pages : 8

**27T MHIN**

# 2017

# HINDI

## (MODERN INDIAN LANGUAGE)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

| | |
|---|---|
| *Q. No.* **1** *carries* **1** *mark each* | 1×5 = 5 |
| *Q. No.* **2** *carry* **15** *marks* | 15 |
| *Q. No.* **3** *carry* **10** *marks* | 10 |
| *Q. No.* **4** *carry* **5** *marks* | 5 |
| *Q. No.* **5** *carries* **1** *mark each* | 1×5 = 5 |
| *Q. No.* **6** *carries* **5** *marks* | 5 |
| *Q. No.* **7** *carries* **8** *marks* | 8 |
| *Q. No.* **8 & 9** *carries* **6** *marks each* | 6×2 = 12 |
| *Q. No.* **10** *carry* **8** *marks* | 8×1 = 8 |
| *Q. No.* **11** *carries* **3** *marks each* | 3×4 = 12 |
| *Q. No.* **12** *carry* **4** *marks* | 4 |
| *Q. No.* **13** *carry* **6** *marks* | 6 |
| *Q. No.* **14** *carry* **5** *marks* | 5 |
| | Total = 100 |

*Contd.*

1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,
दरवाज़े-खिड़कियाँ खुलने लगीं गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के॥
पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की।
'बरस बाद सुधि लीन्ही' —
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की।

**प्रश्न —**

(1) 'पाहुन' का अर्थ क्या है और यहाँ किसे कहा गया है ? 1

(2) मेघ किस रूप में और कहा आए हैं ? 1

(3) मेघों के आने पर गाँव में क्या परिवर्तन आए हैं ? 1

(4) बूढ़े पीपल ने क्या किया ? 1

(5) लता ने क्या शिकायत की है ? 1

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

स्वावलंबन का गुण सभी को सरलता से प्राप्त हो सकता है। यह किसी एक विशेष जाति, विशेष धर्म तथा विशेष देश के निवासी की सम्पत्ति नहीं है। स्वावलंबन सभी के लिए चाहे वह पूँजीपति हो या मजदूर, पुरुष हो या स्त्री, वृद्ध हो या बालक, काला हो या गोरा, शिक्षित हो या अशिक्षित प्रत्येक समय, प्रत्येक स्थान पर सुलभ है। इतिहास साक्षी है कि अत्यंत दीन तथा निर्धन व्यक्तियों ने स्वावलंबन अलौकिक गुण द्वारा महान उन्नति की है। समाचार पत्र बेचनेवाला एडिसन एक दिन महान उपन्यासकार हुआ। चन्द्रगुप्त जैसा एक निर्धन और साधारण सैनिक भारत का चक्रवर्ती सम्राट हुआ। हैदर अली प्रारंभ में एक सिपाही था। स्वावलंबन के कारण ही उसने दक्षिण भारत में अपना राज्य स्थापित किया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर हमारे भारत के ख्याति प्राप्त रत्न हैं। कहा जाता है कि उन्होंने अंग्रेजी अक्षर का ज्ञान सड़क के किनारे गड़े हुए मील के पत्थरों से किया था।

**प्रश्न —**

(क) किस गुण को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है और क्यों ? 2



(ख) स्वावलंबन का गुण किन-किन के लिए सुलभ हैं ? 2

(ग) इतिहास किस बात का साक्षी है ? 2

(घ) ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने अंग्रेजी अक्षर का ज्ञान कैसे प्राप्त किया ? 2

(ङ) 'स्वावलंबन' का अर्थ क्या है ? 1

(च) इन पंक्तियों में उल्लेखित महान व्यक्तियों का नामोल्लेख कीजिए। 2

(छ) विद्यासागर को भारत का रत्न क्यों कहा गया है ? 2

(ज) 'स्वावलंबन' तथा 'अलौकिक' शब्द की व्युत्पत्ति कैसे हुई ? 1

(झ) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

3. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) भ्रष्टाचार
(परिभाषा—कारण—प्रकार—निवारण के उपाय—उपसंहार)

(ख) भारतीय नारी
(भूमिका—शिक्षा की आवश्यकता—विविध नारी—प्रमुख समस्याएँ—समाधान—उपसंहार)

(ग) पर्यटन
(भूमिका—आवश्यकता—महत्व—उपयोगिता—उपसंहार)

(घ) आदर्श नागरिक
(तात्पर्य—नागरिक का अधिकार—कर्तव्य—महत्व—उपसंहार)

4. अपने क्षेत्र की कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर किसी स्थानीय पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए। 5

***अथवा***

बीमारी के कारण अपनी कक्षा में दो दिनों की अनुपस्थिति की सूचना देकर अपने महाविद्यालय/विद्यालय के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) संचार माध्यम किसे कहते हैं ?

(ख) प्रिंट माध्यम की किसी एक विशेषता बताइए।

(ग) मीडिया का क्या अर्थ है ?

(घ) समाचार पत्र क्या है ?

(ङ) आलेख और रिपोर्ट में निहित एक अंतर बताइए।

6. (क) पर्यटन पर एक आलेख प्रस्तुत कीजिए। 5

*अथवा*

(ख) किसी एक बस दुर्घटना पर एक फ़ीचर लिखिए।

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

**प्रश्न :**

*(क)* कविता को एक उड़ान क्यों कहा गया है ? 2

*(ख)* चिड़िया क्या नहीं जानता है ? 2

*(ग)* 'कविता के पंख' – आशय स्पष्ट कीजिए। 2

*(घ)* 'कविता की उड़ान' 'और चिड़िया की उड़ान' में क्या अंतर है ? 2

*अथवा*

(ख) दीवाली की शाम घर पुते और सजे।
चीनी के खिलौने जगमगाते लावे
वे रूपवती मुखड़े पै इक नर्म दमक
बच्चे के घरौंदे में जलाती है दिएं
आंगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पैं ललचाया है
दर्पण उसे देके कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है।

**प्रश्न :**

*(i)* दीवाली की शाम कैसी होती है ? 2

*(ii)* माँ बच्चे को कैसे बहलाती है ? 2



*(iii)* बच्चे को खुश रखने के लिए माँ क्या-क्या करती है ? 2

*(iv)* बालक चांद को खिलौना क्यों समझता है ? 2

8. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

(क) ममता के बादल की मँडराती कोमलता —
भीतर पिराती है
कमजोर और अक्षम अब हो गई है आत्मा यह।

**प्रश्न :**

*(i)* 'ममता के बादल' — का अर्थ क्या है ? 2

*(ii)* आत्मा कमजोर और अक्षम क्यों हो गई है ? 3

*(iii)* ये पंक्तियाँ किस कविता की हैं ? 1

(ख) कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष,
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

**प्रश्न :**

*(i)* साहित्य में कल्पना के रसायन क्यों आवश्यक हैं ? 3

*(ii)* शब्दों के अंकुर कैसे फूटते हैं ? 2

*(iii)* इन पंक्तियों के कवि कौन हैं ? 1

9. निम्नलिखित काव्यांशों में ***किन्हीं दो*** को पढ़कर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) सोचिए
बताइए
आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है ?
कैसा
यानी कैसा लगता है ? —

— मीडिया द्वारा किए गए इन प्रश्नों के सम्बन्ध में अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) रक्षाबंधन की सुबह रस की पुतली
छायी है घटा गगन की हलकी हलकी —
आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) काहू की बेटीसों बेटा न ब्याहब,
काहू की जाति बिगार न सोऊ।
— अर्थ बताइए।

(घ) 'उषा' कविता के आधार पर प्रात: काल का वर्णन कीजिए।

10. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अति-परिचित और अतिप्रामाणिक सत्य है। तुलसीदास ने आप्सोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगाई थी-'धरा को प्रमाण यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना'। मैं शिरीष के फूलों को देखकर कहता हूँ कि क्यों नहीं फलते ही समझ लेते बाबा कि झड़ना निश्चित हैं। सुनता कौन है ? महाकाल देवता सपासप कोड़े चला रहे हैं, जीर्ण और दुर्बल झड़ रहे हैं। जिसमें प्राण कण थोड़ा भी ऊर्ध्वमुखी है, वे टिक जाते हैं। दुरन्त, प्राणधारा और कालाग्नि का संघर्ष निरंतर चल रहा है।

**प्रश्न :**

*(i)* लेखक ने जरा और मृत्यु के सम्बन्ध में कौन सा विचार प्रस्तुत किया है ? 2

*(ii)* शिरीष के फूलों को देखकर लेखक क्या कहते हैं ? 2

*(iii)* यहाँ लेखक ने क्या आप्सोस व्यक्त किया है ? 2

*(iv)* 'दुरन्त प्राणधारा' और 'कालाग्नि का संघर्ष' का आशय क्या है ? 2

(ख) माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं, पर त्याग का कहीं नाम-निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं, पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है ; पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

**प्रश्न :**

*(i)* यहाँ 'माँगें' किस अर्थ में प्रयुक्त है ? 2



*(ii)* आज एकमात्र लक्ष्य क्या और क्यों रह गया है ? 2

*(iii)* 'भ्रष्टाचार' शब्द का पुराना और नया अर्थ लिखिए। 2

*(iv)* पानी के झमाझम बरसने पर भी बैल कैसे पियासे रह जाते हैं ? 2

11. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) बाजार का बाजारपन क्या होता है ?

(ख) चार्ली की लोकप्रियता के कारण लिखिए।

(ग) 'नमक' कहानी की *किन्हीं तीन* विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) लेखक ने शिरीष के साथ कबीर की तुलना क्यों की है ?

(ङ) 'आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?' — यहाँ किस स्थिति के बदलने की बात की गई है ?

## पूरक पुस्तक ( वितान : भाग–2 )

12. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नो के उत्तर दीजिए : 2×2=4

(क) यशोधर बाबू की पत्नी 'संयुक्त परिवार' से क्या समझती है ?

(ख) मुअनजो-दड़ो के बड़े-बड़े घरों में छोटे-छोटे कमरों का होना क्या संकेत देता है ?

(ग) मुअनजो-दड़ो सभ्यता में खेती करने की क्या व्यवस्थाएँ थी ?

13. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) यशोधर बाबू के जीवन में किशनदा का क्या प्रभाव है ?

(ख) यशोधर बाबू को 'डेमोक्रेट बाबू' क्यों कहा गया है ?

(ग) मुअनजो-दड़ो के घर निर्माण की कला का परिचय दीजिए।

14. यशोधर वाबू के अधीनस्थ कर्मचारी उनसे परेशान क्यों थे ? 5

***अथवा***

मुअनजो-दड़ो सभ्यता का संक्षिप्त परिचय पठित पाठ के आधार पर दीजिए।

——— × ———